


# स्मार्ट फ़ोन आपका कौन सा है?

*एक दशक पहले तक अनोखे से वायरलेस फोन होते थे जिनमें सिर्फ़ किसी को फ़ोन करने और फोन आने की सुविधा होती थी अपनी बात एक अदृष्य-अनजान स्पेक्ट्रम के माध्यम से कह दी जाती थी। आज आधुनिक मोबाइल फ़ोन का ज़माना है, वह भी एक से एक नई आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के साथ। चाहे संदेश लिखकर भेजो, एमएमएस करो, इंटरनेट सर्फ करो, ई-मेल करो, नेटवर्क के माध्यम से भी बहुत सारे संप्रेषण के साध्यों के साथ ब्लूटूथ, वाए-फाए, बिज़नेस एप्लीकेशन, फ़ोटोग्राफी, गेम, वीडियोग्राफी आदि-आदि। डिज़िटल गैजेट तो जैसे अब जीवन की ज़रूरत ही बन गया है।*

मोबाइल एप्लीकेशन की बात करें तो हर रोज़ एक न एक नई एप्लीकेशन तैयार हो जाती है। यहां पर आपकी मदद करने का छोटा सा प्रयास किया गया है जिससे आप जान सकें कि बाज़ार में कौन–कौन से स्मार्टफ़ोन मौजूद हैं जो कीमत और सुविधाओं पर खरे उतरते हैं। 'कंस्यूमर वॉयस' ने यहां जीएसएम के स्मार्टफोन का तुलनात्मक परीक्षण अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता शोध एवं जांच (आईसीआरटी) के माध्यम से किया है। फ़ोन पर परीक्षण का संचालन उसकी कार्यत्मकता के आधार पर किया गया था, जांच के दौरान कुछ फ़ोन के मॉडल की बहुत मामूली सी कार्य प्रक्रियाओं की भी तुलना की गई जैसे कि (एलटीई/लोंग टर्म एवोल्यूशन), (एचएसपीए/हाई स्पीड पैकेट ऐक्सेस), (जीपीएस/ग्लोबल पॉजिशनिंग सैटेलाइट),(एचडी/हाई डेफ़ीनेशन) आदि।

मोबाइल फ़ोन के ब्रांड भारतीय बाज़ार में बिकने वाले विभिन्न कंपनियों के भिन्न–भिन्न मॉडल में से अत्यधिक बिक्री को ध्यान में रखकर चुने गए। जांच के मापदंड 60 से भी अधिक प्रेक्षण और सिद्धांतों के आधार पर किये गये।

### जांच के परिणाम

सभी ब्रांड के सभी मॉडल ने प्रसारण और अगवानी के आधार पर कुछ हद तक संतुष्ट परिणाम दिए जो कि किसी भी मोबाइल की सामान्य सी प्रक्रिया होती है।

पूरी जांच निष्पादन के आधार पर जहां तुलनात्मक अंक दिए गए उसमें एचटीसी(वन एक्स एल) के सबसे बेहतर परिणाम रहे इसके बाद नोकिया 603, सोनी (एक्सपीरिया मायरो) और मोटोरोला (रेजर मैक्स) रहे। जांच मापदंड के आधार पर नोकिया का अन्य मॉडल आशा 305 और आशा 306 को सबसे कम अंक प्राप्त हुए।

इसके बाद प्रेक्षण और सिंद्धांतों के आधार पर जांच के लिए कुछ चुनिंदा महत्वपूर्ण तथ्यों, सुविधाएं/विशेषताएं आदि के आधार पर की गई। तुलनात्मक रेटिंग जो कि 1 से 5 ग्रेड के स्केल पर जांच के मापदंड के परिणाम के बाद दी गई।

## भौतिकी परीक्षण

**बारिश में जांच**– मोबाइल फ़ोन की बारिश में भीगने की जांच करने के लिए बनावटी बारिश की गई जिसे बिल्कुल प्राकृतिक बारिश जैसा बनाया गया था उसमें फ़ोन को गीला किया गया। जांच के दौरान, मोबाइल फ़ोन घूमने वाली मेज पर क्षितिज अवस्था में रखे गए और उनके ऊपर जांच के लिए पानी की बौछारे छोड़ी गई। सभी फ़ोन अगले एक, दो और तीन बाद भी सुगमतापूर्वक कार्य कर रहे थे किसी में भी कोई परेशानी नहीं आई।

**मोबाइल के सभी मॉडल फंक्शन कर रहे थे और सभी को पूरे अंक भी मिले, एलजी और एचटीसी (वन एक्सएल और डिज़ायर एक्स)को अन्य की अपेक्षा थोड़े कम अंक मिले क्योंकि ये फ़ोन बहुत पतले थे।**

**आवाज़ और वज़न**– प्रत्येक मोबाइल का लंबाई, चौड़ाई और वज़न सहित सभी माप–तौल भौतिक रूप से की गई और आवाज़ की भी जांच की गई।

**सबसे कम वज़न की तुलना में एचटीसी(वन एक्सएल) की सबसे अधिक आवाज़ थी जबकि एचटीसी(डिज़ायर एक्स) सभी फ़ोन की तुलना में सबसे छाटा फोन था।**

**मैकेनिकल परीक्षण**– मोबाइल फ़ोन का स्थायित्व, फ़ोन का गिरना, स्लाइड आदि के लिए अलग–अलग द्रष्टिकोण से सभी फोन को 80सेमी की ऊंचाई से गिराकर जांच की गई लेकिन किसी भी फ़ोन में आंतरिक खराबी नहीं आई।

**सभी ब्रांड ने कुछ हद तक संतुष्ट करने वाले परिणाम दिए जिसके लिए पांच में से अंक दिए गए। एचटीसी (डिज़ायर एक्स) को सबसे कम अंक 1.5/5 अंक ही मिले।**

**खरोंच (स्क्रैच) की जांच**– फ़ोन के डिस्प्ले की स्क्रैच जांच करने के लिए उस पर पेंसिल से पूरे दबाव के साथ स्क्रैच करके देखा गया। पेंसिल की नोंक काफी शार्प थी और 1MM डायामीटर की थी। सभी मॉडल के फ़ोन और डिस्प्ले पर पूरी तरह से पेंसिल से स्क्रैच करके परीक्षण किया गया।

**नोकिया के आशा मॉडल (305, 306) पर स्क्रैच करने से इन पर प्रभाव पड़ा।**


## सामान्य सुविधा

**विज्युअल इंटरफेस–डिस्प्ले, कीबोर्ड, कीपैड, और टचस्क्रीन**– किसी भी स्मार्टफ़ोन का विज्युल इंटरफेस बहुत मायने रखता है कि उसकी तस्वीर की क्या गुणवत्ता है और साथ में टचस्क्रीन कैसा दोनों की बेहतर तुलना होनी चाहिए। फ़ोन का डिस्प्ले आपके कंप्यूटर की भूमिका निभाता है साथ ही उसकी स्क्रीन पर ही कीपैड और साथ ही एप्लीकेशन भी होते हैं, कॉल करने की भी सुविधा होती है। इसलिए मोबाइल की स्क्रीन का आकार थोड़ा बड़ा होने के साथ–साथ बहुत प्रत्यक्ष होना चाहिए, साथ ही डिस्प्ले ऐसा हो जो कि बाहर धूप के समय भी प्रत्यक्ष रूप से दिखे।

**सभी मोबाइल के मॉडल के लिए यह सबसे अधिक चुनौती वाली जांच थी क्योंकि उपभोक्ता सबसे पहले किसी फ़ोन मे यही चीज कोई देखता है। डिस्प्ले की गुणवत्ता, आकार, टचस्क्रीन इस्तेमाल करने में आसान हों ये सभी जांच करने के बाद पांच में से अंक दिए गए।**

**इस जांच में मोटोरोला (रेज़र मैक्स) और एचटीसी (वन एक्सएल) को विज्युअल इंटरफेस के लिए पूरे अंक मिले।**

**डिस्प्ले का आकार (सेमी 2)**– बड़ा डिस्प्ले होने से अधिक जानकारी एक बार में एक ही आकार में साफ दिखाई देती हैं। मानचित्र के डिस्प्ले के लिए थोड़ा बड़ा डिस्प्ले ही ठीक रहता है। इस जांच में बड़े डिस्प्ले वाले फ़ोन को अधिक अंक मिले।

| ब्रांड | मोटोरोला RAZR Maxx एक्सटी 910 | एचटीसी वन XL | नोकिया 603 | सोनी एक्सपीरिया मायरो ST23i | HTC डिज़ायर एक्स |
|---|---|---|---|---|---|
| |  |  |  |  |  |
| विश्लेषण | यह बड़े डिस्प्ले के साथ सबसे स्मार्ट फोन है और रखने में भी बहुत आसान है। सभी इस्तेमाल में इसे उचित अंक मिले है और बहुत अच्छे स्तर का फोन है। बैटरी इस्तेमाल भी लंबे समय तक है। फोन के स्पीकर की गुणवत्ता का मापन भी बहुत अच्छा और उच्चस्तर का है। **खरीदने के लिए स्वीकृत** | इसकी जांच एन्ड्रोएड 4.0.4 और एलटीई सपोर्ट के साथ की गई। अधिकतर सभी अच्छे और बहुत अच्छे के रेटिंग दिए गए। खासकर डिस्प्ले की गुणवत्ता में। बैटरी खपत सिर्फ सामान्य स्तर की है। **खरीदने के लिए स्वीकृत** | इंटरनेट और ई–मेल आदि चेक करने के लिए इसकी स्क्रीन बहुत छोटी है जिससे इस्तेमाल करने में असावधानी हुई। गूगल का सपोर्ट बहुत अच्छा नही है। | जब हमने जांच के लिए फोन चार्जिंग की कोशिश की गई तो उस की डिवाइस में परेशानी आई दोनों ही ए और बी मॉडल में बैटरी की परेशानी पाई गई। जांच में यही पाया गया कि यह साधारण डिवाइस का एन्ड्राएड मॉडल है। हेडफ़ोन नहीं दिया गया था। | यह बहुत ही पतला स्मार्ट फोन है। उदाहरण के लिए, यह कम्पास और चुंबकीय क्षेत्र सेंसर प्रदान नहीं करता है, लगभग सभी सुविधा रेटिंग्स अच्छे स्तर पर हैं। गिराकर जांचने में टूट गया। |
| कुछ खास चीज़े | बैटरी का बहुत अच्छा कार्य, आरएफ सेंस्टिविटि अच्छी, कैमरे में अच्छी विडियो गुणवत्ता, जीपीएस नेविगेशन के लिए अच्छा है, अच्छे एन्ड्रोएड की सुविधा के साथ डिस्प्ले उच्च गुणवत्ता का किफायती और आसान टचस्क्रीन | बहुत तेज़ी से एलटीई से डाटा ट्रांसमिशन विडियो गुणवत्ता के साथ अच्छा कैमरा म्यूज़िक प्लेयर की अच्छी गुणवत्ता जीपीएस नेवीगेशन के लिए बहुत आसान अच्छा डिस्प्ले किफायती और आसान टचस्क्रीन मददगार अच्छे एंड्रॉएड मेन्यू और आसान स्ट्रक्चर | एचएसयूपीए काफी तेज अपलोड की गति के साथ म्यूजिक प्लेयर की साउंड गुणवत्ता (ईयरफ़ोन में) जीपीएस सिस्टम और नेविगेशन में अच्छा लेकिन रास्ते के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऑपरेट करने में आसान | अच्छा आर एफ सूक्ष्म ग्राहिता अच्छा की पेड और टचस्क्रीन अच्छे एन्ड्राएड का जटिल मेन्यू | म्यूजिक प्लेयर में बहुत अच्छी साउंड गुणवत्ता, डिस्प्ले की अच्छी गुणवत्ता, आसान और अच्छी टचस्क्रीन |
| कुछ खराबी भी है | | कमज़ोर बैटरी घटिया नियम पुस्तिका | कैमरे की गुणवत्ता खराब है। | शटर बंद होने में अधिक समय लेता है जब कि सिर्फ एक सेकेंड का समय लगना चाहिए। | खराब कैमरा, तस्वीर की घटिया गुणवत्ता, गिराकर जांचने में टूट गया। |

| | सोनी एक्पीरिया टीप्रो ड्युअल ST21i2 | एलकाटेल वनटच 991डी स्मार्ट | हुवाई एसेंड जी300 | LG ऑप्टीमस L3 ड्युअल सिम E405 | नोकिया आशा 305 ड्युअल सिम | नोकिया आशा 306 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| |  |  |  |  |  |  |
| | यह पहली जांच की तरह जिस में सोनी के 984 कोड वाले एक्सपीरिया टाइपो की जांच की गई थी। यह दो सिम वाला फ़ोन है।<br>कोड 984 वाले मॉडल से बैटरी की क्षमता कुछ कम है। | दो सिम कार्ड का स्लॉट एक 2जी के लिए और दूसरा 3जी के लिए।<br>टचस्क्रीन की कार्य प्रक्रिया बहुत धीमी डिस्प्ले बहुत अच्छी गुणवत्ता का नहीं हेडफ़ोन में साउंड बहुत अच्छी गुणवत्ता की नहीं, कैमरे के लिए बहुत अधिक अच्छा नहीं कहा जा सकता। | डिवाइस में किसी तरह का बैकअप एप्स या सॉफ्टवेयर के लिए नहीं दिया गया।<br>करेक्ट ऑर्डर में म्यूजिक फाइल की जांच करते समय वह बजा ही नहीं।<br>ईयर फ़ोन की साउंड गुणवत्ता बेहद खराब।<br>**न खरीदने की सलाह** | बहुत कम रेटिंग मिली, 240X320 पिक्सल के साथ।<br>कैमरा की गुणवत्ता एकदम घटिया<br>एचएसयूपीए सपोर्ट नहीं करता।<br>फ़ोन के साथ ईयरफ़ोन और हेडसेट नहीं दिया गया।<br>**न खरीदने की सलाह** | इसमें नोकिया मैप की सुविधा है लेकिन वह बगैर जीपीएस के नहीं चलता।<br>जीपीएस और नेवीगेशन में लोकेशन बताने की सुविधा नहीं।<br>टचस्क्रीन बेहद खराब, तस्वीर और वीडियो रिकॉर्ड देखने में बहुत खराब गुणवत्ता<br>**न खरीदने की सलाह** | इस डिवाइस में नोकिया मैप की सुविधा है, लेकिन उसकी लोकेशन वाए–फाए से ही पता चल सकती है।<br>जीपीएस और नेवीगेशन में लोकेशन बताने की सुविधा नहीं। टचस्क्रीन पूरी तरह से बेहद खराब।<br>तस्वीर और वीडियो रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता खराब<br>**न खरीदने की सलाह** |
| | अच्छा कीपैड टचस्क्रीन के साथ इस्तेमाल में आसान।<br><br>एंड्रॉएड मेन्यू अच्छा | एचएसयूपीए की तेज अपलोड स्पीड<br><br>एंड्रॉएड मेन्यू हैंडलिंग और संरचना करने में अच्छा | एंड्रॉएड मेन्यू हैंडलिंग और संरचना करने में अच्छा | अच्छा की पैड और टचस्क्रीन की सुविधा<br><br>एंड्रॉएड मेन्यू हैंडलिंग और संरचना करने में अच्छा | | |
| | खराब कैमरा, तस्वीरों और वीडियो गुणवत्ता खराब | कमज़ोर बैटरी खराब तस्वीर और वीडियो क्वालिटी, देर में शटर बंद होना, खराब आवाज़ फ़ोन की आंतरिक स्टोरेज़ क्षमता शून्य | रिकॉर्डिंग एकदम खराब और ईयर फोन में आने वाली आवाज़ की घटिया गुणवत्ता। | घटिया डिस्प्ले, खराब कैमरा और वीडियो की गुणवत्ता, खराब वीडियो रिकॉर्डिंग, कैमरा फ्लैश नहीं | खराब कैमरा और वीडियो की गुणवत्ता, खराब वीडियो रिकॉर्डिंग, साउंड की गुणवत्ता भी खराब, घटिया म्यूजिक प्लेयर, डिस्प्ले की गुणवत्ता भी खराब, शटर बंद होने में एक सेकेंड से अधिक समय लगा | खराब कैमरा और वीडियो की गुणवत्ता, खराब वीडियो रिकॉर्डिंग, साउंड की गुणवत्ता भी खराब, घटिया म्यूजिक प्लेयर, डिस्प्ले की गुणवत्ता भी खराब, शटर बंद होने में एक सेकेंड से अधिक समय लगा |

| स्मार्टफ़ोन फ़ीचर्स | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड | मोटोरोला RAZR Maxx एक्सटी 910 | एचटीसी वन XL | नोकिया 603 | सोनी एक्सपीरिया मायरो ST23i | HTC डिज़ायर एक्स |
| ओएस | एंड्रॉएड 4.0.4 | एंड्रॉएड 4.0.4 | नोकिया बेले | एंड्रॉएड 4.0.4 | एंड्रॉएड 4.0.4 |
| डिस्प्लेरिज़ो ल्यूशन (प्रति इंच डॉट्स के अनुसार) | 259 | 318 | 212 | 165 | 237 |
| कैमरा रिज़्योल्यूशन (मेगापिक्सल) | 8 | 8 | 5 | 5 | 5 |
| कैमरा फ्लैश | हां | हां | नही | हां | हां |
| आंतरिक स्टोरेज | 8जीबी | 24.4जीबी | 1.57जीबी | 2जीबी | 1.09जीबी |
| ड्युअल सिम | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| डिस्प्ले और कीबोर्ड | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन |
| कैमकॉर्डर एचडी रिज़ोल्यूशन के साथ | हां | हां | हां | नहीं | नहीं |
| कीमत रुपये में | 25,000 | 24,800 | 12,000 | 13,000 | 15,500 |

स्मार्टफोन के अभिलक्षण (Characteristics)

- डिस्प्ले एरिया>18 सेमी'
- डिस्प्ले रेजलूशन>240X320 पिक्सल
- डाटा ट्रांसफर स्पीड : यूएमटीएस और वाई–फाई
- ई–मेल क्लाइंट और एचटीएमएल ब्राउज़र
- पूरा की बोर्ड (मौजूदा बटन और स्क्रीन पर भी बटन की सुविधा)
- सभी मल्टीमीडिया फोन का मानदंड



| स्मार्टफ़ोन फीचर्स | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोनी एक्पीरिया टीप्रो ड्युअल ST21i2 | एलकाटेल वनटच 991डी स्मार्ट | हुवाई एसेंड जी300 | LG ऑप्टीमस L3 ड्युअल सिम E405 | नोकिया आशा 305 ड्युअल सिम | नोकिया आशा 306 |
| एंड्रॉएड 4.0.4 | एंड्रॉएड 2.3.6 | एंड्राएड 2.3.6 | एंड्रॉएड 2.3.6 | सीरीज 40 आशा | सीरीज़ 40 आशा |
| 181 | 147 | 235 | 125 | 156 | 156 |
| 3 | 5 | 235 | 3 | 2 | 2 |
| नही | हां | 5 | नहीं | नही | नही |
| 2.2जीबी | किसी मे मोरीकार्ड की जरूरत नही | हां | 1जीबी | कोईनही | कोईनहीं |
| हां | हां | नहीं | | हां | हां |
| कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | कैपेसिटिव टचस्क्रीन | रेसिस्टिव टचस्क्रीन | रेसिस्टिव टचस्क्रीन |
| हां | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| 8,000 | 9,000 | 8,000 | 6,799 | 4,300 | 3,850 |

**सभी मॉडल में से 39MM X 65MM(नोकिया आशा 305 और आशा 306) और एचटीसी (वनएक्स) 58MM X 103MM स्क्रीन का आकार रहा।**

## सामान्य निष्पादन

### बैटरी

फ़ोन पर बात करने में कितनी देर तक उसकी बैटरी चलती है, बात–बात करते हुए बीच में ही तो बंद नहीं हो जाती है। इसी पैमाने पर प्रत्येक मॉडल की जांच की गई।

**मोटोरोला (रेज़र मैक्स) का सबसे अधिक (16.5घंटे) बैटरी बैकअप रहा और इसके बाद सोनी (एक्सपीरिया टाइपो) सबसे कम समय (7.4 घंटे) में बंद हो गया।**

### चार्जिंग का समय

प्रत्यक्ष रूप से सभी मोबाइल के मॉडल को चार्ज करके देखा गया। चार्जिंग के लिए संकेत के रूप में (एलईडी या बैटरी सिंबल) दिया हुआ था। जब तक पूरी बैटरी चार्ज हुई उसे 15 मिनट बाद बार–बार चेक किया जाता रहा। सबसे कम समय में चार्ज करने वाला सबसे बेहतर मॉडल माना जाता है।

**नोकिया(603) और हुआवे सबसे कम समय में (120 मिनट) में पूरी तरह चार्ज हो गए वहीं मोटोरोला (रेज़र मैक्स) ने सबसे अधिक समय (270 मिनट) लिया।**

## कैमरा और कैमकॉर्डर की प्रक्रिया

**मोबाइल में अच्छे कैमरे की पहचान विभिन्न बिंदुओं से की गई:**

**रिज़ोल्यूशन**– सभी फोन में दो मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया था। **मोटोरोला(रेज़र मैक्स) और एचटीसी (वन एक्सएल) में सभी अधिक 8मेगापिक्सल का कैमराा दिया गया था।**

**फ्लैश लाइट**– सभी मॉडल में से एलजी, नोकिया (सभी मॉडल) और सोनी एक्सपीरिया को छोड़कर सभी में बेहतर तस्वीर की गुणवत्ता के लिए फ्लैश की सुविधा दी गई थी ताकि अंधेरे में भी अच्छी तस्वीर ली जा सके।

**तस्वीर की गुणवत्ता**– सभी मॉडल में तस्वीरों की गुणवत्ता कंप्यूटर में ट्रांसफर करने के बाद ही जांची गई। सभी जांच के लिए कैमरे के जूम मोड का और पूरी तरह से ऑटोमेटिक सुविधा का भी प्रयोग किया गया। इसके बाद तस्वीरों की गुणवत्ता के आधार पर ही पांच में से सभी मॉडल को अंक दिए गए।

**एचटीसी (वन एक्स) द्वारा ली गई तस्वीरों की सर्वोत्तम गुणवत्ता रही इसके लिए इसे 4.5/5 अंक मिले।**

**वीडियो की गुणवत्ता**– स्टूडियो लाइट जैसी सुविधा के साथ मोबाइल फोन को ट्राइपोड पर लेकर 2X2 मीटर के क्षेत्र में वीडियो को रिकॉर्ड किया गया, कैमकॉर्डर को 3मीटर की दूरी तक के रिकॉर्डिंग के आधार पर लगाया गया। एक्सपोज़र, कंट्रास, शार्पनेस और रंगो की गुणवत्ता को जांच के दौरान खासकर ध्यान में रखा गया। बाद में बेहतर गुणवत्ता वाले मॉनीटर पर वीडियो का डिस्प्ले जांचने के बाद उसी आधार पर सभी का आंकलन किया गया।

**एचटीसी(वन एक्सएल) और मोटोरोला की सबसे बेहतर श्रेणी की वीडियो बनी। इसके लिए इन्हे 4.5 और 4 अंक दिए गए।**



**कंप्यूटर में वीडियो/फ़ोटो ट्रांसफर करने की सुविधा** – इस जांच के लिए अपने निजी कंप्यूटर में स्टोरोज लोकेशन में सभी तस्वीरों को लोड करके की गई। कई बार तस्वीर स्टोर करने में स्टाल करने की, सॉफ्टवेयर और अधिक तस्वीरें एक साथ अपलोड होने की समस्याआती है। इन्ही बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए सभी ब्रांड की जांच की गई।

**एचटीसी (वन एक्सएल) से सबसे आसानी से कंप्यूटर में तस्वीरें और वीडियो ट्रांसफर हो गई।**

**म्यूजिक फंक्शन**– फ़ोन में म्यूजिक फंक्शन की जांच उसके म्यूजिक प्लेयर के माध्यम से की गई। मिडिया प्लेबैक फॉरमेट, म्यूजिक प्लेयर, म्यूजिक ट्रांसफर, म्यूजिक प्लेयर की आवाज़, साउंड प्रेशर लेवल की गुणवत्ता के आधार पर सभी मॉडल के मोबाइल की जांच की गई।

**मोटोरोला को 5/5 अंक के साथ सबसे अधिक मिले सभी मापदंडों पर इसका म्यूजिक फंक्शन सबसे बेहतर रहा।**

## कार्य–प्रणाली

प्रयोगशाला के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न कार्य–प्रणाली की जांच की गई :

**टेलीफ़ोन कॉल**– सामान्य तौर पर मोबाइल की कार्य–प्रणाली में उसकी कॉल करना या आने की सुविधा ही होती है। प्रयोगशाला के विशेषज्ञों ने विभिन्न बिंदुओं की जांच कि

- रिसिविंग कॉल
- नंबर डायल करने की सुविधा
- फ़ोन बुक में से डायल करने की सुविधा
- कॉलर लिस्ट में से स्पीड डायल से डायल करने की सुविधा
- डायलिंग प्रक्रिया के डिस्प्ले का प्रोसेस
- कॉल डायल होने पर डिस्प्ले की सुविधा

**सभी ब्रांड ने संतुष्ट परिणाम दिए। मोटोरोला और एचटीसी (वन एक्सएल) पूरे अंक के साथ टॉप पर रहे।**

**एसएमएस की सुविधा**– फोन में एसएमएस की सुविधा जांचने के लिए विशेषज्ञों ने विभिन्न तथ्यों पर जांच की।

- एसएमएस आने पर उसका कंटेंट एकदम डिस्प्ले हो जाता है या कीपैड लॉक की सुविधा है।

- क्या एसएमएस की आर्काइविंग की सुविधा है?
- क्या एसएमएस की वर्गीकरण करने की सुविधा है?
- ग्रुप में एसएमएस डिलीट करने की सुविधा?
- टेक्सट लिखते समय नाम और पता (विशेष करेक्टर में)
- शब्द लिखने में कितना समय लगा

**अधिकतर सभी ब्रांड ने अच्छे परिणाम दिए, लेकिन नोकिया आशा 305 और आशा 306 के छोटे बटन और बटनों के बीच कम जगह होने की वजह से सबसे खराब परिणाम रहा।**

**इंटरनेट और वेब ब्राउज़िंग की सुविधा**– अधिकतर सभी मॉडल के मोबाइल में इंटरनेट सर्फ करने की सुविधा दी गई थी। चाहे उसका डिस्प्ले साइज छोटा हो उसमें कंप्यूटर जैसे सभी सुविधाओं की कमी हो। नए इस्तेमाल करने वालों के लिए टचस्क्रीन की सुविधा में इसे ऑपरेट करना कठिन हो जाता है। इसके लिए मल्टीफिंगर टच की जरूरत होती है। अतः ई–मेल, सोशल मीडिया वेबसाइट जैसे यू ट्यूब और फेसबुक को आसानी से ब्राउज़िंग किया जा सकता है।

**विशेषज्ञों ने फ़ोन पर विभिन्न वेबसाइट पर सर्फ करके जांच की :**

- www.irctc.com भारतीय रेलवे टाइम टेबल और फॉर्म भरने की कोशिश की गई।
- www.youtube.com प्ले बैक और वीडियो चलाकर देखे गए।
- गूगल ई–मेल और ई–मेल अकाउंट पर सर्फ किया गया। और ई–मेल भी लिखकर जांच की गई उसके साथ में पीडीएफ और जेपीईजी फाइल भी अटैच्ड की गई।
- यूट्यूब, फेसबुक, ट्वीटर का प्रयोग किया गया।
- वीकिपीडिया की वेबसाइट पर सर्फ किया गया।

**प्रत्येक जांच में एचटीसी वन एक्सएल (5.5) और एचटीसी डिज़ायर(4.5) के सबसे अच्छे परिणाम रहे। एलजीई405 ने सबसे मंद गति से सर्फ किया।**

**जीपीएस एंटीना**

स्मार्टफ़ोन में नेविगेशन सॉफ्टवेयर में अलग–अलग होते हैं। ये मोबाइल के अवयव फोन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। कई फ़ोन जिन्होंने जीपीएस सुविधा का दावा किया है उनकी जीपीएस जांच की गई। सिर्फ नोकिया आशा 305 और 306 में यह सुविधा नहीं थी।



जीएसएम स्मार्टफ़ोन का तुलनात्मक परीक्षण अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता शोध एवं जांच (आईसीआरटी) यूरोप आधारित समूह द्वारा किया गया। आईसीआरटी 33 देशों में कंस्यूमर वॉयस सहित 37 उपभोक्ता संगठनों की जांच समिति है। यह समिति जहां उपभोक्ताओं के हितों की बात होती है उन शोध और जांच करने वाले संगठनों को अनुसंधान और परीक्षण करने में सहयोग करती है।

## जीएसएम स्मार्टफोन का तुलनात्मक कार्य–निष्पादन चार्ट

| ब्रांड | माटोरोला | एचटीसी | नोकिया | सोनी | एचटीसी | सोनी | एलकाटेल | हुवाई | एल जी | नोकिया | नोकिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉडल | RAZR Maxx | One XL | 603 | Xperia miro | Desire X | Xperia tipo Dual Sim | OT 991 | G300 ASCEND | E405 L3 Dual SIM | आशा 305 Dual SIM | आशा 306 |
| ऑपरेटिंग सिस्टम(वर्ज़न) | एंड्रॉएड (4.0.4) | एंड्रॉएड (4.0.4) | सिंबेन 3 | एंड्रॉएड (4.0.4) | एंड्रॉएड (4.0.4) | एंड्रॉएड (4.0.4) | एंड्रॉएड (2.3.6) | एंड्रॉएड (2.3.6) | एंड्रॉएड (2.3.6) | सीरीज़ 40 आशा | सीरीज़ 40 आशा |
| मूल्य रुपए में # | 25,000 | 24,800 | 12,000 | 13,000 | 15,500 | 8,000 | 9,000 | 8,000 | 6,799 | 4,300 | 3,850 |
| वारंटी, माह | 24 | 24 | 24 | 12 | 24 | 12 | 12 | 24 | 24 | 24 | 24 |
| डिस्पले साइज़(चौड़ाई×ऊंचाई), मिमी | 53×94 | 58×103 | 43×77 | 49×74 | 51×86 | 44×68 | 55×84 | 52×87 | 48×65 | 39×65 | 39×65 |
| वॉल्यूम (सेमी 3) / वज़न(ग्राम) | 100.9/144 | 113.4/133 | 84.5/111 | 81.4/109 | 74.3/116 | 76.3/102 | 101/133 | 86.6/139 | 76.6/108 | 77.2/99 | 77.2/98 |
| कैमरा रिजोल्यूशन | 8 | 8 | 5 | 5 | 5 | 3 | 5 | 5 | 3 | 2 | 2 |
| चार्जिंग टाइम, मिनट | 270 | 195 | 120 | 135 | 180 | 135 | 135 | 120 | 150 | 150 | 150 |
| बैटरी रनिंग, टाइम (घंटे)-endless call mode | 16.5 | 11.3 | 13.1 | 9.6 | 8.4 | 7.4 | 8.8 | 8.4 | 9.9 | 8.7 | 9 |
| टैस्ट पैरामीटर ↓ | | | | | | | | | | | |
| 1. पी.सी. से डाटा ट्रांस्फर | 4.5 | 5 | 4 | 3.5 | 4.5 | 3 | 4 | 3 | 3 | 2.5 | 2.5 |
| 2. मैकेनिकल परीक्षण | 4 | 4 | 4.5 | 5 | 1.5 | 4.5 | 5 | 3.5 | 4 | 4.5 | 4.5 |
| 3. जल प्रतिरोधी (5 मिनट) | 5 | 4 | 5 | 5 | 3.5 | 5 | 5 | 5 | 4 | 5 | 5 |
| 4. फोटो क्वालिटी | 3 | 3 | 2.5 | 3.5 | 2.5 | 2.5 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 |
| 5. आवाज क्वालिटी (समन्वित स्पीकर) | 3.5 | 3 | 4 | 3 | 3 | 3.5 | 1.5 | 0.5 | 2.5 | 1 | 1 |
| 6. आवाज़ क्वालिटी (हैडफोन) | 3.5 | 2 | 3 | 2.5 | 3 | 3 | 1.5 | 0.5 | 2 | 1 | 1 |
| 7. म्यूज़िक प्लेयर बेसिक प्रयोग | 5 | 4.5 | 4.5 | 4 | 4.5 | 4 | 4.5 | 4.5 | 4 | 3.5 | 3.5 |
| 8. वीडियो क्वालिटी | 4 | 4.5 | 3.5 | 3 | 3 | 2.5 | 2.5 | 3 | 2 | 1 | 1 |
| 9. उपयोग में आसान | | | | | | | | | | | |
| 9.1 फोन कॉल | 5 | 5 | 4.5 | 4.5 | 4 | 4 | 4.5 | 4.5 | 4.5 | 3 | 3 |
| 9.2 एसएमएस | 5 | 5 | 3.5 | 4 | 4.5 | 3.5 | 4 | 4.5 | 3.5 | 2.5 | 2.5 |
| 9.3 ईमेल | 5 | 5 | 4 | 4.5 | 4.5 | 3.5 | 3 | 3.5 | 3 | nt | nt |
| 9.4 इंटरनेट | 5 | 5.5 | 3.5 | 4 | 4.5 | 3.5 | 3.5 | 4 | 2.5 | nt | nt |
| 9.5 कीबोर्ड ६ कीपैड / टच स्क्रीन | 5 | 5 | 3.5 | 4 | 4.5 | 3.5 | 3 | 4 | 4 | 2.5 | 2.5 |
| 9.6 कैमरा फंक्शंस | 4 | 4.5 | 3 | 2.5 | 4 | 2.5 | 2.5 | 3 | 2 | 2 | 2 |
| **ओवरऑल रेटिंग** | **4.39** | **4.29** | **3.79** | **3.79** | **3.68** | **3.46** | **3.32** | **3.32** | **3.07** | **2.54** | **2.54** |

**रेटिंग:** >91 – बहुत अच्छा *****, 71–90. अच्छा****, 51–70. औसत ***, 31–50. खराब **, <30 – बहुत खराब*

**#** उत्पाद की कीमत खुदरा विक्रकताओं से ली गई हैं, मूल्य अलग–अलग हो सकते हैं